# औचक निरीक्षण करते हुए सख्ती से कार्यवाही करें

**निर्देश**

## डीएम ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिये

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में सम्पन्न हुई जिला आपूर्ति विभाग की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा राशन कार्ड डिजिटलाइजेशन, आधार वैलिडेशन, एफ.पी.एस ऑटोमेशन, स्मार्ट कार्ड निर्माण हेतु शुद्धिकरण फार्म जारी करने, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, राज्य उज्जवला योजना, मध्यान्ह भोजन योजना सहित विभाग के प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा–निर्देश दिये।

बैठक में जिलापूर्ति अधिकारी जी. एस कण्डारी ने जिलाधिकारी को विभिन्न योजनाओं व कार्यों की प्रगति के साथ ही विभाग द्वारा किये प्रवर्तन कार्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में राशन कार्डों को शतप्रतिशत् डिजिटलाइज्ड तथा आधार से लिंक कर दिया गया है और बहुत सी



डीएम समीक्षा बैठक लेते हुए।

दुकानों में ऑनलाईन राशनकार्ड के आधार पर खाद्यान आवंटित किया जा रहा है तथा वर्तमान में राशन कार्ड में लिंक आधार नम्बर को वैलिडेट किया जा रहा है और लगभग 56 प्रतिशत् राशनकार्ड यूनिट का आधार वैलिडेशन कार्य किया जा चुका है। जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आधार वैलिडेशन की प्रगति बढायें और अगर इसके लिए अधिक मैनपावर की जरूरत है तो और तैनात करें। पूर्ति अधिकारी द्वारा एफसीएस आटोमेशन जिसके तहत् जनपद में 1016 सस्ता गल्ला दुकानों को लैपटाप, प्रिन्टर तथा बायोमैट्रिक मशीन वितरित की गयी है ताकि आधार आईडेंटिफिकेशन तथा राशन कार्ड नबर से ऑनलाईन खाद्यान वितरित किया जा सके। इसमें कई डिवाईसों में खराबी आ रही है, धीमी कनैक्टिविटी और अधिक समय लग रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि यदि इन एक्टिव डिवाइस की संख्या अधिक पायी जाती है तो इसकी जांच की जाय और सम्बन्धित कम्पनी से स्मूथ और एक्टिव डिवाईस उपलब्ध करवायी जाय और यदि कहीं कनैक्टिविटी की समस्या है तो वहां के लिए टावर लगाने का प्रस्ताव प्रेषित किया जाय, किन्तु किसी भी दशा में ऑनलाईन खाद्यान वितरण का कार्य प्रभावित न होने पाये।

जनपद के विभिन्न स्थानों पर अवैध गैस रिफिलिंग और पैट्रोलपम्प में घटतौली की शिकायतों और खबरों पर जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए निर्देश दिये कि सभी जगह लगातार औचक निरीक्षण करते हुए सख्ती से कार्यवाही करें और इस सम्बन्ध यदि कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस के सहयोग की जरूरत हैं तो सम्बन्धित उप जिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी से सहयोग लें किन्तु किसी भी तरह से इस पर लगाम लगनी चाहिए।



# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


## फोनपे ने ऐप पर किया 5 बिलियन लेन-देन के आंकड़े को पार

**संवाददाता** देहरादून। फोनपे भारत के अग्रणी डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म ने ऐप पर 5 बिलियन डिजिटल भुगतान लेनदेन के आंकड़ा को पार करने का घोषणा किया। फोनपे ने नवंबर 2018 में 1 बिलियन लेनदेन करने की उपलब्धि हासिल की थी, और पिछले एक साल में अभूत पूर्व 5 गुना वृद्धि दर्ज की गई है। फोनपे की हर जगह पहुंच और देशभर में इसे अपनाने की वजह से इस उपलब्धि को प्राप्त किया जा सका है। फोनपे को भारत के 215 से अधिक शहरों में 80 लाख एमएसएमई के भुगतान विकल्प के रूप में स्वीकार किया गया है। 56 प्रतिशत से अधिक लेनदेन अब टियर 2 और टियर 3 शहरों में उपयोगकर्ताओं द्वारा किया जाता है। रिचार्ज से लेकर मनी ट्रांसफर, बिल भुगतान, सोना खरीदने और म्यूचुअल फंड में निवेश करने तक, फोनपे में कई तरह की सुविधाएँ हैं और इसके साथ ही यह देशभर में पसंदीदा भुगतान ऐप के रूप में उभरा है।



सीएम त्रिवेंद्र व सांसद अजय भट्ट पूर्व सीएम उमा भारती की कुशलक्षेम पूछते हुए।

## पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की कुशलक्षेम पूछी

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत एवं सांसद अजय भट्ट ने ब्रह्मपुरी में श्रीराम तप स्थल पर पूजा अर्चना की। इसके पश्चात उन्होंने पूर्व केन्द्रीय मंत्री उमा भारती से भेंट कर उनकी कुशलक्षेम पूछी।

## न्यूज डायरी

### कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष कीर्ति सिंह नेगी के निधन पर शोक जताया

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिह ने टिहरी जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कीर्ति सिंह नेगी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिह ने अपने शोक संदेष में स्व0 कीर्ति सिह नेगी ने कांग्रेस पार्टी में रहते हुए संगठन की निस्वार्थ सेवा की जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देते हुए उन्होंने कहा कि पूरा कांग्रेस परिवार इस दुःख की घडी में उनके साथ है, हम सभी कांग्रेसजनों की प्रार्थना है कि ईश्वर उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति देवें।

### स्वामी राम जी महाराज का जीवन जन कल्याण के लिए समर्पित रहा

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मंगलवार को तपोवन ऋषिकेश स्थित आनन्द धाम आश्रम में जाकर स्वामी राम जी महाराज के ब्रह्मलीन होने पर गहरा दुःख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि स्वामी राम जी महाराज ने सनातन संस्कृति के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वामी जी का जीवन जन कल्याण के लिए समर्पित रहा है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि स्वामी राम जी महाराज सनातन धर्म परंपरा के महान संत थे। सामाजिक व धार्मिक कार्यों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए उनके अनुयायियों के प्रति अपनी गहरी संवेदना भी व्यक्त की।

### अगले पांच वर्षों में रिटेल लोन दोगुना होकर 96 ट्रिलियन रुपए तक पहुंच जाएगा

**संवाददाता** देहरादून। भारत में फाइनेंसरों की रिटेल लोन बुक दोगुनी हो जाएगी। सीआरआईएसआईएल पॉवर्ड आईसीआईसीआई बैंक रिपोर्ट के अनुसार मार्च, 2019 के 48 ट्रिलियन रुपए की तुलना में रिटेल लोन मार्च 2024 तक 96 ट्रिलियन रुपए तक पहुंच जाएंगे। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि यह तीव्र वृद्धि अगले पांच वर्षों में निजी उपभोग (यानी घर, कार, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं, क्रेडिट कार्ड आदि)की बढ़ती मांग, ऋण लेने के लिए उपभोक्ताओं की इच्छा, विभिन्न कंज्यूमर डेटा की उपलब्धता में वृद्धि, डेटा एनालिटिक्स का बेहतर उपयोग और विनियामक पहल के चलेत कम लागत वाले आवास ऋण और एमएसएमई लोन में वृद्धि आदि के चलते आएगी।

## 'स्वास्थ्य गोल्डन कार्ड' के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में 'अटल आयुष्मान स्वास्थ्य योजना' और इसके सम्बन्ध में बनाये जा रहे 'स्वास्थ्य गोल्डन कार्ड' के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी ने आयुष्मान योजना के तहत् क्षेत्रवार 'गोल्डन कार्ड' बनाने को दिये गये लक्ष्य और उसी अनुरूप बनाये गये गोल्डन कार्ड का विवरण प्राप्त करते हुए ग्राउण्ड स्तर पर कार्यरत आशा सुपरवाइजर्स, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से गोल्डन कार्ड निर्माण में आ रही तकनीकी व्यावहारिक तथा अन्य बाधाओं के सम्बन्ध में फीडबैक प्राप्त की ओर निम्न प्रगति का कारण पूछा, जिस पर आशा, सुपरवाईजर और अन्य चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने अवगत कराया कि 'गोल्डन कार्ड' निर्माण में साफ्टवेयर में कुछ तकनीकी दिक्कत आ रही है। अवगत कराया कि लोगों के गोल्डन कार्ड बनाने में हालांकि राशन कार्ड की अनिवार्यता हटा दी गयी है किन्तु साफ्टवेयर बिना राशन कार्ड के लाभार्थी को बाई नाम सर्च नही कर रहा है।इसके अतिरिक्त कई जगह सफिसिएन्ट कनैक्टिविटी की भी बाधाएं आ रही हैं

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी और जनपद नोडल अधिकारी आयुष्मान को निर्देशित किया कि साफ्टवेयर की तकनीकी खामियों को सुधार करते हुए ग्राउण्ड लेवल पर 'आशा' स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से लोगों को गोल्डन कार्ड बनाने के लिए प्रेरित करें।

### कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा की

देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में कृषि विभाग के कार्यों की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। समीक्षा बैठक में कृषि विभाग द्वारा जिला योजना व राज्य सेक्टर के अन्तर्गत आवन्टित बजट तथा केन्द्रपोषित योजनाओं के कार्यों की वर्तमान प्रगति से अवगत कराया गया। साथ ही रोस्टरवार विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिये ताकि किसी भी योजना में कोई डूप्लीकेसी ना होने पाये।

## अनाधिकृत तरीके से परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के दिए निर्देश

देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में शिमला बाईपास देहरादून रोड पर डम्पर द्वारा एक बालिका को कुचल दिये जाने की जांच आख्या और इस तरह की घटनाओं के साथ विभिन्न स्थानों पर अवैध खनन की रोकथाम के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी। शिमला बाईपास रोड पर डम्पर द्वारा बालिका को कुचल दिये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने क्षेत्राधिकारी से उक्त दुर्घटना के सम्बन्ध में भारी वाहनों के प्रवेश का समय, नो एन्ट्री हेतु चौकिंगके लिए पुलिस द्वारा स्थापित पिकेट, नो एन्ट्री जोन के समय वाहन प्रवेश के लिए जिम्मेदार कार्मिक इत्यादि के सम्बन्ध में विस्तृत आख्या का 2 दिन में विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने जिलाधिकारी को जानकारी देते हुए बताया कि शिमला बाईपास रोड नया गांव चौकी पर बैरियर लगा है, जहां पर नो एन्ट्री हेतु वाहनों को रोका जाता है तथा वहां पर सीसीटीवी कैमेरे लगे हुए हैं, जिन वाहनों डम्परों से उप खनिजों को परिवहन किया जाता है, चौकिंग में यदि अवैध खनन पाया जाता है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाती है। जिलाधिकारी उपस्थित सभी अधिकारियों को वाहनों की नियमित जांच, अनाधिकृत तरीके से परिवहन करते पाये जाने पर सम्बन्धित वाहन को सीज करते हुए विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।